अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29.

फा.सं.4-1/2025-हिं.अ. दिनांक: 18.03.2025

विषय: भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित हिंदी प्रबोध पाठ्यक्रम पास करने पर प्रोत्साहन।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान के अंतर्गत सुश्री आशा देवी, ट्रेनी, रोकड़ अनुभाग ने मई, 2024 में आयोजित हिंदी प्रबोध पाठ्यक्रम परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

उपर्युक्त ट्रेनी कर्मचारी को हिंदी भाषा की प्रबोध परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 12 महीने की अवधि की वेतनवृद्धि के बराबर राशि का एक वैयक्तिक वेतन भी प्रदान किया जाएगा जिसका वहन संस्थान द्वारा किया जाएगा।

केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली के दिनांक 15.05.1991 के का.ज्ञा.सं.19015/4/91-के.हिं.प्र.सं.12256 के अनुसार पत्राचार माध्यम से प्रबोध/प्रवीण/प्राज्ञ परीक्षा उत्तीर्ण करने पर यह माना जाएगा कि उन्होंने यह परीक्षा निजी प्रयत्नों से उत्तीर्ण की है। अतः निजी प्रयत्नों से परीक्षा उत्तीर्ण करने पर मिलने वाले नकद पुरस्कार उन्हें भी का.ज्ञा.सं.21034/66/2010-रा.भा.(प्र.) दिनांक 29.07.2011 के अनुसार देय होंगे। इन पुरस्कारों पर आने वाला व्यय वहन संबंधित कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

अतः अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त महिला ट्रेनी कर्मचारी को नियमानुसार 12 महीने की अवधि के लिए एक वेतनवृद्धि के बराबर राशि का वैयक्तिक वेतन हिंदी अनुभाग को सूचित करते हुए प्रदान कर दिया जाए।

इसे निदेशक महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

18/3/25

(बी.एस. गिल)
मुख्य प्रशासन अधिकारी

वितरण:-

1. प्रशासन अधिकारी, स्थापना अनुभाग (नि.का.)।
2. लेखा अधिकारी, रोकड़ अनुभाग।

प्रतिलिपि:-

1. निदेशक/संकायाध्यक्ष (शैक्षिक/अनुसंधान/परीक्षा) महोदय के निजी सचिव।
2. अपर निदेशक (प्रशासन) महोदय के निजी सचिव।
3. वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदया के निजी सचिव।
4. संबंधित कर्मचारी।
5. संबंधित कर्मचारी की वैयक्तिक फाइल।
6. प्रभारी आचार्य, कंप्यूटर सुविधा- इस अनुरोध के साथ कि इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें।